<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक–30 जून 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- साउथ अफ्रीका को हरा कर सत्रह साल बाद टी–20 विश्वकप विजेता बना भारत। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टीम को दी बधाई।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित।
- प्रदेश के कई जिलों में बारिश ने गर्मी से दिलायी राहत। छत्तीस जिलों में आज बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

**********

सत्रह साल बाद भारत टी–20 विश्वकप में फिर विश्वविजेता बना है। रोहित शर्मा की कप्तानी में कल वेस्टइण्डीज के बारबाडोस में हुए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर टी–20 विश्वकप पर कब्जा जमा लिया। इससे पहले दो हजार सात में भारतीय टीम ने टी–20 विश्वकप जीता था। विराट कोहली के छिहत्तर रन और अक्षर पटेल के सैंतालीस रन की मदद से भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को फाईनल का एक सौ सतहत्तर रन का सबसे बड़ा लक्ष्य दिया। विपक्षी टीम आठ विकेट पर एक सौ उनहत्तर रन ही बना सकी। भारत इस टूर्नामेंट में एक भी मैच नही हारा और अजेय रहते हुए ट्रॉफी जीतने वाला पहला देश बन गया। उनसठ गेंदों पर छिहत्तर रनों की पारी खेलने वाले विराट कोहली मैन ऑफ द मैच और फाइनल में दो विकेट समेत विश्वकप में पन्द्रह विकेट लेने वाले जसप्रीत बूमराह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गये। मैच जीतते ही प्रदेश सहित पूरे देश में लोगों ने जश्न मनाया। जीत पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि कभी हार नहीं मानने वाले जज्बे के साथ टीम ने कठिन परिस्थितियों का मुकाबला किया और पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया। फाइनल मैच में यह एक असाधारण जीत थी।

उधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि आज एक सौ चालीस करोड़ देशवासी भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन पर गर्व का अनुभव कर रहे हैं। खेल के मैदान में टीम ने विश्व कप जीतने के साथ ही पूरे हिन्दुस्तान का भी दिल जीत लिया है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मन की बात कार्यक्रम की यह पहली कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में प्रदेश के मेधावी छात्र और छात्राओं को सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ड्रेस, स्टेशनरी और स्कूल बैग की खरीद के लिए प्रति छात्र–छात्रा बारह सौ रुपये की धनराशि उनके अभिभावकों के बैंक खाते में भेजने की प्रक्रिया का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की मेरिट में जगह बनाने वाले कुल छात्र–छात्राओं की संख्या एक सौ सत्तर है, जिनमें अट्ठावन छात्र और एक सौ बारह छात्राएं हैं। इन सभी को सर्टिफिकेट, टैबलेट और एक लाख रुपये नकद उपलब्ध कराने का कार्य सरकार कर रही है। साथ ही ये छात्र जिस गांव, मोहल्ले के होंगे, वहां की सड़क का नामकरण इनके नाम पर होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि कोई छात्र स्कूल से वंचित न रहे। इसी क्रम में कन्नौज, चंदौली, चित्रकूट, और जौनपुर, समेत अन्य जनपदों में भी कार्यक्रम आयोजित कर के मेधावियों को सम्मानित किया गया।

**********

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने रद्द और स्थगित परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा कर दी है। एनटीए ने एक दिन पूर्व जारी अधिसूचना में कहा कि यूजीसी–नेट जून दो हजार चौबीस परीक्षा अब इक्कीस अगस्त से चार सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा अट्ठारह जून को आयोजित किए जाने के एक दिन बाद रद्द कर दी गई थी।

संयुक्त सीएसआईआर–यूजीसी–नेट जून–दो हजार चौबीस अब पच्चीस से सत्ताइस जुलाई के बीच आयोजित की जाएगी। चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम–आईटीईपी में प्रवेश के लिए नेशनल कॉमन इंट्रेंस टेस्ट को भी स्थगित कर दिया गया था। यह परीक्षा अब दस जुलाई को होगी। एनटीए ने कहा कि अखिल भारतीय आयुष पोस्ट ग्रेजुएट प्रवेश परीक्षा दो हजार चौबीस अपने वास्तविक कार्यक्रम के

अनुसार अगले महीने की छः तारीख को आयोजित की जाएगी। एनटीए ने उम्मीदवारों को अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट इन की सलाह दी है।

**********

केन्द्र सरकार ने कर्मचारी पेंशन योजना में संशोधन किया है, इस संशोधन से छह महीने से कम अंशदायी सेवा वाले ईपीएस सदस्यों को भी निकासी लाभ मिल पाएगा। इससे हर वर्ष सात लाख से अधिक सदस्य लाभन्वित होंगे।

केंद्र सरकार ने टेबल डी को संशोधित किया है और यह सुनिश्चित किया है कि सदस्यों को आनुपातिक निकासी लाभ देने के लिए प्रदान की गई सेवा के प्रत्येक पूर्ण महीने को ध्यान में रखा जाए। निकासी लाभ की राशि सदस्य द्वारा प्रदान की गई सेवा के पूर्ण महीनों की संख्या और उस वेतन पर निर्भर करेगी, जिस पर ईपीएस योगदान प्राप्त हुआ था। श्रम मंत्रालय ने कहा कि इस उपाय ने सदस्यों के लिये निकासी लाभ के भुगतान को तर्कसंगत बना दिया है।

**********

अट्ठाइस मार्च दो हजार पांच से पहले प्रकाशित विज्ञापनों के आधार पर भर्ती कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। भले ही इन कर्मियों की नियुक्ति एक अप्रैल दो हजार पांच या फिर उसके बाद हुयी हो। पिछले दिनों कैबिनेट से पास इस प्रस्ताव का शासनादेश जारी कर दिया गया है। इसके लिये विकल्प इकतीस अक्टूबर तक भरना होगा। विकल्प नहीं भरने वालों को ओपीएस का लाभ नहीं मिलेगा। अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि इस निर्णय का लाभ राज्य कर्मचारियों के साथ ही परिषदीय विद्यालयों और शासन से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के साथ ही राज्य सरकार द्वारा अनुदानित स्वायत्तशासी संस्थाओं के अधिकारियों और कर्मचारियों को मिलेगा। अभी तक अट्ठाइस मार्च दो हजार पांच की अधिसूचना के अनुसार एक अप्रैल दो हजार पांच या फिर इसके बाद कार्यभार ग्रहण करने वाले कर्मचारियों के लिये राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली लागू है।

**********

प्रदेश में नये आपराधिक कानून कल से लागू हो जायेंगे। ये कानून महिलाओं को यौन उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करने के लिये कानूनी व्यवस्था को मजबूत करते हैं। साथ ही उत्पीड़न मुक्त कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिये यौन उत्पीड़न को परिभाषित और प्रतिबंधित करते हैं। अतंर्राष्ट्रीय मानकों के तालमेल के साथ नये कानून लैंगिक समानता और गैर–भेदभाव के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं। यौन उत्पीड़न में शारीरिक सम्पर्क, यौन संबंधों की मांग, महिला की इच्छा के विरूद्ध अश्लील साहित्य दिखाना और कामुक टिप्पणियां करना शामिल है। यौन उत्पीड़न के शिकार लोग कानूनी रास्ते, जैसे सिविल मुकदमे या प्रशासनिक शिकायतों के माध्यम से सिविल उपाय भी अपना सकते हैं। नये कानूनों के तहत कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को रोकने और उन्हें संबोधित करने के लिये नीतियों और प्रतिक्रियाओं को लागू करना आवश्यक है।

**********

प्रदेश की राजधानी लखनऊ, बलरामपुर, मथुरा, अमरोहा, फर्रूखाबाद और पीलीभीत समेत अन्य जनपदों में बारिश से लोगों को गर्मी से निजात मिली है। बीते चौबीस घंटों में सर्वाधिक एक सौ इकहत्तर दशमलव दो मिलीमीटर बारिश औरैया में दर्ज की गई। प्रदेश में बारिश का सिलसिला अगले तीन दिनों तक जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, वाराणसी, आजमगढ़, गोरखपुर, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, मथुरा, मुरादाबाद और बरेली समेत छत्तीस जिलों के लिये आज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, सीतापुर, शाहजहांपुर, गाजियाबाद,और गौतमबुद्धनगर समेत बाइस जनपदों के लिये बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि प्रदेश में कहीं–कहीं पर गरज के साथ ही बिजली गिरने की भी आशंका है। साथ ही पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। बारिश के कारण न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट आ सकती है।

**********

पीलीभीत ईको टूरिज्म के हब के रूप में उभर रहा है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में इस पर्यटन सत्र में पर्यटकों की संख्या में दोगुने से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। इस सत्र में चौवन हजार तीन सौ अठहत्तर पर्यटक पहुंचे, जिनमें एक सौ नवासी विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं।

**********